हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025
[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4
नेत्रहीन विद्यार्थियों की भक्ति से गूंजा जेएसपी का मंदिर






### अधिकांश स्कूलों की कर दी गई छुट्टी

भारी बारिश को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के प्रचार्यों, प्रधान पाठकों को निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि अधिक बारिश होने की स्थिति में जहां विद्यालय लगाना संभव नहीं हो रहा है वहां बच्चों को छुट्टी दे दी जाए। इसके बाद शहर के अधिकांश स्कूलों में बच्चों को छुट्टी दे दी गई।

## 14 साल बाद हुई ऐसी बारिश, शहर के आधे दर्जन वार्ड डूबे, राहत व बचाव दल रहा सक्रिय

# 8 घंटे की बारिश से पानी-पानी हुआ रायगढ़

**रायगढ़।** मानसून की पहली मूसलाधार बारिश ने पूरे जिले में तबाही मचा दी। गुरुवार की सुबह 5 बजे से शुरू हुई झमाझम बारिश दोपहर 12 बजे तक निरंतर चलती रही। 8 घंटे की इस बारिश में ही पूरा रायगढ़ पानी-पानी हो गया, जिससे जन-जीवन खासा प्रभावित हुआ। शहर के आधे दर्जन से अधिक वार्ड पानी में डूब गए। चारों तरफ सड़कों की जगह पानी ही पानी नजर आने लगा। स्थिति यह हो गई थी कि लोग घरों में ही कैद हो गए, बच्चों की स्कूलें छूट गईं, उनकी वाहनें पानी के भीतर समा गए। इस बारिश ने नगर निगम के नाला सफाई की पोल खोल कर रख दी। शहर के कृष्णा वाटिका, विनोबानगर, रियापारा, बाजीरावपारा, रामनिवास टाकीज रोड, बेलादुला भोलेनगर, केवड़ाबाड़ी, गुलमोहर कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज रोड, रामभाठा, धांगरडीपा, बावउलीकुंआ, इंदिरा नगर, सिद्धी विनायक कॉलोनी, शिवम विहार, कृष्णा वाटिका, फ्रेंड्स कॉलोनी आशीर्वाद कॉलोनी, बजरंगपारा, गोकुलधाम, गुजरातीपारा, गोपीटाकीज मार्ग, मोदीनगर सहित अधिकांश क्षेत्रों में जलभराव हो गया। मुख्य मार्ग सहित लोगों के घरों में घुटने भर से ज्यादा पानी भर गया। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि नगर निगम और जिला प्रशासन का राहत व बचाव दल प्रभावित इलाकों में सक्रिय रहा। बताया जा रहा है कि 14 साल बाद ऐसी बारिश हुई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।




### डूबा शहर तो जागा नगर निगम व जिला प्रशासन




शहर में बुधवार की रात से हो रही भारी बारिश के चलते कई जगहों पर जल भराव की स्थिति निर्मित हुई। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने नगर निगम आयुक्त बृजेश क्षत्रिय को युद्धस्तर पर प्रभावित इलाकों में आपदा राहत कार्यों के लिए निर्देशित किया। नगर निगम की टीम सुबह से ही प्रभावित इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था बनाने में जुटा रहा। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि नगर निगम अधिकारी कर्मचारी व सफाई अमले सहित 200 से अधिक लोगों को टीमों में बांटकर काम किया जा रहा है। जेसीबी और पोकलेन भी लगाई गई हैं। शहर में वार्ड नंबर 19, 21, 22, भगवानपुर सहित अन्य दूसरे इलाकों में पानी निकासी की व्यवस्था के लिए टीमें काम कर रही है। जिससे जल भराव की समस्या को दूर किया जा सके। नगर निगम आयुक्त श्री क्षत्रिय ने बताया कि जहां जलभराव की स्थिति है वहां निकासी की व्यवस्था बना कर जल जमाव दूर किया जा रहा है। पूरे शहर में जहां जहां जल भराव की स्थिति है उसे दूर करने के लिए टीमें काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को यदि शिफ्ट करने की जरूरत हुई तो कबीर चौक, बस स्टैंड और खर्राघाट मंगल भवन में तैयारी रखी गई है।



### पैठू डबरी उफान पर, इस साल भी गुजराती पारा डूबा



गुरुवार को हुई बारिश में गुजरापाती पारा डूब गया। क्योंकि स्टेशन चौक स्थित गुतराती पारा भागौलिक दृष्टि से सड़क से कई फीट नीचे में बसा है। यहां स्थित पैटू डबरी नाला हर साल बारिश के दिनों में उफान पर रहता है। गुरुवार को भी यहां यही नजारा देखने को मिला। झमाझम बारिश से नाला और बारिश का पानी पूरे मोहले में घुस गया। लोगों के घरों में भी दो से तीन फीट तक पानी घुसा हुआ था। बारिश के पानी को बाहर निकालने के लिए क्षेत्र के लोग जद्दोजहद करते नजर आए। ज्ञात हो कि इस स्थिति से निपटने के लिए किसी भी बड़े अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला है। जिससे अब क्षेत्र के लोगों में आकोश पनपने लगा है। ऐसा ही हाल अशर्फीदेवी अस्पताल रोड और गणेश तालाब मार्ग में भी देखने को मिला। जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



### जिला अस्पताल में गिरा विशालकाय शीशम पेड़

जिला अस्पताल में गुरुवार को एक बड़ा हादसा टल गया। परिसर में वर्षों पुराना विशालकाय शीशम का पेड़ जड़ से उखड़ कर गिर गया। यह हादसा अस्पताल के नए ओपीडी भवन के सामने उस समय हुआ जब लगातार हो रही बरिश के चलते जमीन गीली हो गई थी और पेड़ अपनी पकड़ खो बैठा। पेड़ के गिरने से अस्पताल परिसर में बनी पार्किंग शेड, बाउंड्रीवाल और आसपास के संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। पेड़ के कारण पैथोलॉजी लैब, नया ओपीडी, रेडक्रॉस कार्यालय और आई वार्ड की बजली सप्लाई बाधित हो गई और पूरा क्षेत्र अंधकार मय हो गया।

### गंधरी पुलिया जलमग्न, आवागमन बाधित

बारिश व नाले के पानी से मालधक्का अंडर ब्रिज (गंधरी पुलिया) में भी घुटनों तक पानी भर गया। जिसके कारण लोगों की आवाजाही बंद हो गई और मौदहापारा चर्च रोड, सावित्री नगर, बेनीकुंज, मिट्ठुमुड़ा, कैदीमुड़ा, झोपड़ीपारा, ट्रांसपोर्टनगर, जूटमिल, जेलपारा, कयाघाट, सोनूमुड़ा, रेलवे बंगला पारा का मलधक्का मार्ग से संपर्क टूट गया। कुछ दुपहिया चालक जबरदस्ती इस अंडर ब्रिज को पार करने की कोशिश कर रहे थे, वो भी पानी की गहराई और तेज बहाव के कारण गिरते-गिरते बचे।



## भारी बारिश के कारण शहर के विभिन्न गली-मोहल्ले में बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति बनी

# जल भराव को सामान्य करने सड़क एवं दीवार तोड़कर बनाया गया पानी निकासी के लिए रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- सुबह से जेड मशीन, जेसीबी, पंप आदि संसाधनों से कार्य कर शाम तक स्थिति को किया गया सामान्य

मंगलवार रात से हुई भारी बारिश के कारण शहर के विभिन्न गली- मोहल्ले में जल भराव बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी, जिसपर सुबह 6:00 बजे से ही निगम कमिश्नर श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देश पर अलग-अलग टीम द्वारा जल भराव क्षेत्र में पानी निकासी बहाल करने के लिए जेड पंप, जेसीबी, पंप एवं गैंग लगाकर कार्य किया गया। इस दौरान जिन स्थानों पर जल भराव ज्यादा था वहां सड़क एवं दीवार को तोड़कर पानी निकासी के लिए रास्ता बनाया गया, जिससे दोपहर तक अधिकांश स्थानों पर स्थिति सामान्य हो गई थी।

रात से हो रही भारी बारिश को देखते हुए कमिश्नर श्री क्षत्रिय द्वारा सभी सफाई दरोगा, सभी इंजीनियर, सभी सहायक कर निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखने के निर्देश दिए गए थे। रात में भी जल भराव की स्थिति का अपडेट कमिश्नर श्री क्षत्रिय द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से लिए जा रहे थे। सुबह 6:00 बजे से टीम के साथ कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने जल भराव सभी क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी जल भराव बाढ़ ग्रसित स्थानों पर टीम, जेसीबी, पंप मशीन, गैंग एवं अन्य संसाधन लगाकर तेजी से पानी निकासी बहाल करने के कार्य तत्काल शुरू कराया गया। इसमें खेतपारा में ज्यादा मात्रा में जल भराव की स्थिति बनी हुई थी, यहां वैकल्पिक व्यवस्था के तहत तेज गति से पानी निकासी के लिए जेसीबी के माध्यम से दीवार को तोड़ा गया। इससे यहां कुछ घंटे में जल भराव की स्थिति सामान्य हुई। इसी तरह पैठु डबरी नाले में ⏭ शेष पेज 2 पर





### कंट्रोल रूम किया गया स्थापित

बाढ़ आपदा से निबटने एवं राहत कार्य के लिए निगम प्रशासन द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की तीनों शिफ्ट में ड्यूटी लगाते हुए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसमें जॉन एवं वार्डों के हिसाब से टीम गठित की गई है, जिन्हें अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करने निगरानी रखने के निर्देश कमिश्नर श्री क्षत्रिय द्वारा दिए गए हैं। जल भराव की स्थिति होने पर हेल्पलाइन नंबर 0776 2 222 911 जारी किया गया है, जिसमें बाढ़ आपदा से संबंधित किसी भी तरह की समस्या होने पर कॉल किया जा सकता है। हेल्पलाइन नंबर पर बाढ़ आपदा से संबंधित कॉल आने पर अधिकारियों एवं ड्यूटी में लगे टीम के सदस्यों को तत्काल संबंधितों को रिस्पांस करने के निर्देश कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने दिए हैं।

### रामपुर एवं उर्दना पहाड़ से आता है शहर में बारिश का पानी

बारिश होने पर रामपुर एवं उर्दना पहाड़ से अत्यधिक मात्रा में शहर की ओर पानी नीचे उतरता है। यह विभिन्न नालों से होते हुए शहर के बाहर निकलता है। अधिकांश जगहों पर नालों में अतिक्रमण एवं पूर्व में विभिन्न कार्यों के दौरान ह्यूम पाइप डालने के कारण भी पानी निकासी आवश्यकता अनुसार नहीं होने संबंधित बातें सामने आई है, जिस कारण भारी बारिश होने पर जल भराव होने की स्थिति बनती है।

### 98.5 मिलीमीटर हुई वर्षा

मंगलवार से बुधवार की सुबह तक 98.5 मिली मीटर वर्षा भू अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो आसपास के जिले में सबसे ज्यादा वर्षा रायगढ़ तहसील में दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक भारी बारिश की स्थिति है। ऐसे में शहरों में बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति बनती है। ऐसे भारी बारिश से जान माल की हानी होने की भी संभावना बनी रहती है, लेकिन बेहतर प्रबंधन एवं समय रहते कार्य करने से स्थिति पर जल्द ही काबू पा लिया गया।

**खबर संक्षेप**

## सहकारी समिति का कुनकुरी नारायणपुर में पौधरोपण



**जशपुरनगर।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर पौधरोपण का आयोजन किया गया। जिले के सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाने जारी कार्ययोजना अनुसार 2 जुलाई को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुनकुरी, नारायणपुर, मनोरा एवं आस्ता में पौध रोपण किया गया। साथ ही समिति में साफ-सफाई कार्यक्रम उपरांत समिति बोर्ड की बैठक में आदर्श उपविधि का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक तथा सहकारी समितियों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन के कार्यों में आई प्रगति



**जशपुरनगर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों में आई तेजी कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में कार्यपालन अभियंता द्वारा विकासखंड पत्थलगांव, कुनकुरी के ऊपरपारा, बहनाटांगर, गोंडी कला, तीरशोट और रेडे में जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया गया। इन सभी स्थानों पर जलजीवन मिशन की अंतर्गत पूर्ण कार्यों से जल प्रदाय सतत रूप से की जा रही है वर्षा ऋतु में ग्राम वासियों को घर से नल से जल प्राप्त होने पर ग्रामवासियों द्वारा खुशी जाहिर की गई और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

## रेड़ीघाट में बदला गया ट्रांसफार्मर

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत सागजोर के रेड़ीघाट मोहल्ला में विद्युत आपूर्ति पुनः शुरू हो गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिली है। फरसाबहार तहसील के ग्राम पंचायत सागजोर के रेड़ीघाट मोहल्ला में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर तत्काल समाधान की मांग की थी।

## सर्पदंश पर महिला का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार

**जशपुरनगर।** कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कोटिया राजौटी पारा निवासी 51 वर्षीय श्रीमती मुकुटमनी कुजूर को रात्रि में करेत सांप ने दाहिने पैर के टखने में दंश कर दिया। उन्होंने परिवार को इसकी सूचना दी।कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर चिकित्सकों द्वारा पीड़ति की जांच की गई, जहां मरीज को पैर में सुन्नपन, घबराहट की जानकारी दी। जांच में मरीज के शरीर में सर्प के काटने का निशान दाहिने पैर के टखने में स्पष्ट दिखाई दे रहा था। जिस पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. भोजमनिया द्वारा एंटीस्नेक वैनम द्वारा उपचार चालू किया गया। जिस पर अब पीड़ति मुकुटमनी की स्थिति अब सामान्य महसूस हो रही है। इससे पूर्व भी कुदमुरा में भी एक छोटे से बालक को सर्पदंश हुआ था जिसका रनपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सफल उपचार किया गया था।

## चुमरा जंगल से हटाया गया ग्रामीणों का अवैध अतिक्रमण

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत चुमरा जंगल की 15 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 8 ग्रामीणों का कब्जा हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। चुमरा जंगल के कक्ष क्रमांक 346 की 15 एकड़ वन भूमि पर ग्रामीणों ने मकान व बाड़ी बना लिया था। विभाग द्वारा बार बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमणकारी वन अधिकार पत्र की उम्मीद से अपना कब्जा नहीं हटा रहे थे। वन मण्डलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर विभाग द्वारा पूर्व में अंतिम नोटिस जारी कर भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। अतिक्रमणकारी निर्धारित तिथि तक भूमि से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

### मां की हत्या, पिता गया जेल,बच्चे हुए अनाथ

# शराब के नशे में उजड़ा एक और आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम उबका तेंदूपारा में मंगलवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। 39 वर्षीय जॉन केरकेट्टा ने शराब के नशे में अपनी पत्नी पूजा उर्फ संपत्ति केरकेट्टा की डंडे से वार कर और फिर गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी जंगल भाग गया था,लेकिन पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उसे पकड़ लिया और हत्या के आरोप में जेल भेज दिया है।

■ नशे की हालत में पति ने की अपनी पत्नी की डंडा मारकर हत्या

### बेटे ने नाना को दी मां की मौत की खबर

पुलिस के अनुसार, मृतका के पिता सावन विश्वकर्मा रतबा गांव के रहने वाले हैं,ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 जुलाई को उनका नाती घर आया और रोते हुए बताया कि पापा ने मां के सिर में डंडा मारा है,वो मर गई है। प्रार्थी जब अपनी बेटी के घर पहुंचा तो देखा कि पूजा मृत अवस्था में पड़ी है, और सिर से खून बह रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**गुस्सा, शराब और फिर खून:** पूछताछ में आरोपी जॉन केरकेट्टा ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन वह दिन में खेत में धान ढोने गया था। दोपहर में जब घर लौटा तो पत्नी घर में नहीं थी, जिससे नाराज होकर वह शराब पीने निकल गया। बाद में पता चला कि पत्नी ने उसके 1 हजार रुपए में से 5 सौ रुपए निकालकर शराब पी ली थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। पत्नी ने बाहर से डंडा लाकर जॉन पर हमला किया। गुस्से में जॉन ने डंडा छीनकर पत्नी के सिर पर मारा और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

**पुलिस ने मौके से डंडा किया बरामद:** बगीचा थाना प्रभारी संत लाल आयाम की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराया। हत्या में इस्तेमाल डंडा भी आरोपी से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**शराब बना अपराध की जड़:** एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि घरेलू विवाद और शराब की लत ने एक महिला की जान ले ली। पुलिस ने आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

## विद्यार्थियों की कम दर्ज संख्या के बाद 2 स्कूलों में लगा ताला

**जशपुर।** जिले में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ बनाने के लिए युक्तियुक्तकरण के बाद भले ही एकल शिक्षक की समस्या दूर हो गई है लेकिन अनेक स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या नाम मात्र ही रह गई है।

पत्थलगांव जनपद क्षेत्र के दो प्राथमिक स्कूल हलबोहा और बोईरपारा में विद्यार्थियों की नाम मात्र दर्ज संख्या को देखकर शिक्षा विभाग ने इन पाठशालाओं पर ताला लगा दिया गया है। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि पत्थलगांव क्षेत्र में इसके बाद अनेक स्कूलों में ऐसी समस्या यथावत बनी हुई है।जिसको लेकर शिक्षा अधिकारी के साथ अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। दरअसल, अनेक सरकारी स्कूलों के भवन का अभाव और विद्यार्थियों की महज तीन या चार की दर्ज संख्या देखकर ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलवा रहे हैं। पत्थलगांव में टोंगरी पारा स्थित भवन विहिन विद्यालय में पांच साल के बाद भी भवन की व्यवस्था का काम अधर में लटका हुआ है।




■ अनेक स्कूलों में भी मंडरा रहा बंद होने का खतरा

# किलकिला मुख्य मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे

**पत्थलगांव।** जिले के पत्थलगांव से किलकिला होकर कापू जाने वाली सड़क की हालत काफी जर्जर हो गई है। जगह-जगह सड़क पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो चुके हैं। बरसात में पानी भरे होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। सड़क की इस स्थिति से नागरिक खासे नाराज हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद भी सड़क नहीं सुधर पाई है।

■ वाहन चालकों को हो रही परेशानी, हादसे की भी आशंका

सावन मास आने को किलकिला शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए इसी मार्ग से हजारों श्रद्धालु आते जाते हैं। इसके बावजूद सड़क में स्थिति बद से बत्तर हो गया है। बता दें कि जशपुर जिले में सड़कों की जाल बिछा कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। गांव-गांव में आवागमन के साधन के लिए सड़कें बनाई जा रहीं हैं। पर देखरेख के अभाव एवं गुणवत्ता में कमी के चलते सड़कें पहले ही जर्जर हो रही हैं। ये सड़कें जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित कर रही हैं। मजबूरी में जनता उन बदहाल सड़कों पर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को मजबूर हो जाती है। इन सड़कों पर विकास का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि भी यात्रा करते हैं। पर वे भी पद में आने के बाद अपने वादे भूल जाते हैं। पत्थलगांव शहरी एंव किलकिला जाने वाली सड़क काफी इंतजार के बाद बनी पर घटिया निर्माण के कारण रोड पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए है कुछ दिन पूर्व बने रोड कुछ ही महीनों बाद सड़क जगह-जगह से उखड़कर गड्ढे में तब्दील हो गई। वर्तमान में इस सड़क की हालत यह है कि कई स्थानों पर सड़क है या नहीं, इसका पता ही नहीं चलता। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। यह सड़क यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इस मार्ग पर प्रतिदिन लगभग सैकड़ों वाहनों एंव स्कुली वाहनों का आवागमन होता है। पत्थलगांव शहर की सड़क पत्थलगांव पीडब्ल्यूडी एंव किलकिला का सड़क पीएमजेएसवाई में आता है। किलकिला जाने वाल मार्ग पर गड्ढे ही नजर आ रहे हैं। इसमें पानी भरने से यह हादसे को न्योता दे रहे हैं। इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों को इस सड़क के सुधार करने की मांग की। पर आज तक न तो सड़क सुधरी और न ही लोगों को राहत मिली। जिसके कारण इस क्षेत्र के ग्रामीण व्यथित हैं। सड़क की उपेक्षा से यह साबित हो जाता है कि उच्च पदों पर बैठे अधिकारी ऐसे मामलों में कितने संवेदनशील हैं। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सचिव भीम सिंह ने इस मामले पर जांच कर उसकी निर्माण की बात कही है। अब देखने वाली बात होगी कि सावन महीने से पहले यह सड़क का निर्माण होती है या श्रद्धालु इसी मार्ग से होकर गुजरेंगे।



सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे।

## हथौड़ी मार कर प्रेमिका की हत्या, आरोपी को उम्र कैद

**रामानुजगंज।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते में प्रेमी द्वारा प्रेमिका को हथौड़ी से सिर में मार कर हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिले के कुसमी थाना अंतर्गत आरोपी मनोज उर्फ इसहाक खाखा के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश में विचाराधीन था मामले में न्यायाधीश हेमंत शर्राफ द्वारा दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के के तहत आजीवन कारावास एवं 500 अर्थदंड की सजा सुनाई। मृतिका सरिता एक्का बेल स्टार माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड कार्यालय कुसमी ब्रांच अकाउंटेंट के पद पर पदस्थ थी। घटना दिनांक 10 अगस्त 2022 को अपने कार्यालय में बैठी थी। इसी दौरान उसके प्रेमी आरोपी मनोज उर्फ इसहाक खाखा आया एवं हथौड़ी से ताबड़तोड़ उसके सिर पर वार कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गई। इलाज के लिए उसे उसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी के बाद मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर एवं वहां भी स्थिति नहीं संभलने की स्थिति में रायपुर रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान 17 अगस्त 2022 को उसकी मृत्यु हो गई।

# प्रेरणा, परिश्रम और नेतृत्व की मिसाल होते हैं प्राचार्यः गुप्ता

**जशपुरनगर।** ज़िला कलेक्टर रोहित व्यास एवं ज़िला पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन और शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा एवं जिला शिक्षा अधिकारी पी के भटनागर के निर्देशन में शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला प्राचार्यो के प्रशिक्षण के साथ प्रारंभ हुआ।

■ कलेक्टर के निर्देश पर यशस्वी जशपुर का उन्मुखीकरण

यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने प्राचार्यों को नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास के विषय पर प्रशिक्षित किया। कार्यशाला में न केवल उनके ज्ञान को ताजा किया, बल्कि उन्हें एक बार फिर यह याद दिलाया कि स्कूल की दिशा और दशा का निर्धारण उनके कुशल नेतृत्व पर निर्भर करता है। मैस्लो के पिरामिड सिद्धांत के साथ और माइंड मैपिंग के अंतर्गत कंफर्ट जोन, फीयर जोन, लर्निंग जोन और ग्रोथ जोन की जानकारी देते हुए यह बताया कि कंफर्ट जोन से निकलकर कैसे ग्रोथ जोन में आकर बेहतर प्रोडक्टिविटी के साथ विद्यालयीन शिक्षा गुणवत्ता वृद्धि की जा सकती है।



प्रशिक्षण प्राप्त करते जिले के प्राचार्य।

**आत्म मूल्यांकन से पाई जा सकती है खुशियां:** कार्यशाला में यह भी बताया गया कि जीवन में खुशियां तब मिलती हैं जब व्यक्ति स्वयं आत्म मूल्यांकन कर कर्तव्य पर अपना सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करता है। प्राचार्य न केवल विद्यार्थियों के भाग्य विधाता होते हैं, बल्कि वे पूरे विद्यालय के लिए एक रोल मॉडल भी होते हैं। उनका परिश्रम ही पूरे स्टाफ को प्रेरित करता है। जब प्राचार्य परिश्रमी होते हैं तो उनके अधीनस्थ भी उसी ऊर्जा के साथ कार्य करते हैं।

**अध्ययन अध्यापन की कार्य योजना पर चर्चा:** वर्ष भर की विद्यालय में अध्ययन- अध्यापन की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए यशस्वी जशपुर की एक्टिविटीज के विद्यालय में क्रियान्वयन पर बात की। प्रत्येक कालखंड में अध्यापन, मूल्यांकन, नियमित उपस्थिति, प्रतिदिन के रिवीजन हेतु लर्निंग पॉइंट्स लिखते हुए विद्यार्थी दैनंदिनी लेखन पर भी विस्तृत रूप से बात की गई।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय और संजय दास सहित सभी हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## पुलिस का ऑपरेशन आघात-स्कूलों के पास तंबाखू बेचने वालों पर कसा शिकंजा

**जशपुरनगर।** जिले में नशा उन्मूलन को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए 'ऑपरेशन आघात' के तहत मंगलवार को जिले भर में एक विशेष अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों एवं शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाखू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों पर कोटपा एक्ट 2003 के अंतर्गत कार्रवाई की। यह कार्रवाई सिगरेट एवं अन्य तंबाखू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के प्रावधानों के तहत की गई, जिसके अंतर्गत स्कूल, कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में किसी भी प्रकार के तंबाखू उत्पाद की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है।

## रायगढ़ पहुंचे पूर्व सीएम भूपेश मूड़ागांव का लिया जायजा



**रायगढ़।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल गुरुवार को रायगढ़ जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने तमनार ब्लॉक के मूड़ागांव का दौरा कर मौके पर निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर इलाके में चल रही खनन गतिविधियों और उससे जुड़े पर्यावरणीय व सामाजिक प्रभावों को लेकर फीडबैक लिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी बहुल इलाकों में जंगलों की कटाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकारी क्षेत्रीय विधायकों और स्थानीय ग्रामीणों ने दी ,इसी की सच्चाई जानने वे खुद मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ कांग्रेस के लगभग 20 विधायक, पूर्व विधायक और संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस दौरे में शामिल हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक दौरा नहीं है, बल्कि यह जनविरोध को समझने का प्रयास है।

# महतारी वंदन योजनाः महिलाओं को मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक जीवन में बदलाव लाने वाली एक क्रांतिकारी पहल बनकर उभरी है। यह योजना केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मान जनक जीवन देने की दिशा में एक मजबूत प्रयास है।

ऐसे अनेकों उदाहरण है जिनकी जिंदगी इस योजना के माध्यम से बदली है। महतारी वंदन योजना द्वारा जिले में 2 लाख से अधिक महिलाओं को योजना की शुरूआत मार्च 2024 से जून 2025 तक 342 करोड़ 39 लाख 31 हजार 950 की राशि प्राप्त हो चुकी है।



### अन्य क्षेत्रों पर निवेश कर योजना की राशि का कर रही हैं सदुपयोग

महतारी वंदन योजना से मिली राशि का महिलाएं केवल घरेलु खर्चों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसे अन्य उत्पादक क्षेत्रों में निवेश कर सुदपयोग भी कर रही हैं। इस योजना की राशि का महिलाएं अपनी बेटियों का जीवन सुरक्षित बनाने सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश भी कर रही हैं। इसके साथ ही व्यवसाय में हाथ आजमा कर सफलता की सीढ़यि चढ़ रही हैं। इस योजना के आधार पर महिलाओं को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के माध्यम से महिलाओं को महतारी शक्ति ऋण योजना के तहत 25 हजार तक की राशि एकमुश्त 48 महिनों तक के आसान किस्तों में न्यूनतम ब्याज दर पर दिया जा रहा हैं। जशपुर में 875 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। जिसका महिलाएं व्यवसाय या अन्य कामों में उपयोग कर रही हैं।

# जंगल से लाए मशरूम ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के दुलदुला विकासखंड में शुक्रवार रात जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के 8 सदस्य बीमार हो गए। सभी को उल्टी, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत पर रात 8:45 बजे कुनकुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इलाज जारी है, हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

■ दुलदुला में एक ही परिवार के 8 लोग बीमार

■ कुनकुरी में भी दो युवतियां हो चुकी शिकार

जंगल से लाए मशरूम की सब्जी खाई, थोड़ी देर में बिगड़ने लगी हालत गट्टिबुड़ा (रायटोली बस्ती) के इस परिवार ने जंगल से लाकर मशरूम की सब्जी बनाई थी। रात का खाना खाने के कुछ ही देर बाद पूरे परिवार की तबीयत बिगड़ गई। उल्टी और पेट दर्द शुरू हुआ। आनन-फानन में गांववालों ने सभी को कुनकुरी अस्पताल पहुंचाया।

**ये लोग हुए बीमार:** रघुनाथ (65) – परिवार के मुखिया, धनेश्वर (55), उदयनाथ (40), राजोबाई (40), निरपती बाई (45), सुखमनी (50), सदनमनी (24), कृष्णा (25)

**सही समय पर मिले इलाज से खतरा टला:** डॉक्टरों की टीम ने सभी का इलाज शुरू कर दिया है। चिकित्सकों का कहना है कि जहरीले मशरूम से फूड पॉयजनिंग हुई है, सही समय पर इलाज मिलने से खतरा टल गया।

कुनकुरी के हर्राडांड़ गांव में भी हुआ था ऐसा ही हादसा तीन दिन पहले हर्राडांड़ गांव की दो बहनों – सुनीता विश्वकर्मा (26) और सपना विश्वकर्मा (17) ने भी जंगल से लाए मशरूम खा लिए थे। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद शनिवार को उन्हें छुट्टी दी गई।

**स्वास्थ्य विभाग की चेतावनी:** डॉक्टरों के मुताबिक, कुछ जंगली मशरूम बेहद जहरीले होते हैं। इनके लक्षण शुरू में मामूली लगते हैं, लेकिन धीरे-धीरे शरीर के अंदरूनी अंगों – खासकर लीवर और किडनी पर असर डालते हैं। समय पर इलाज न मिले तो जान भी जा सकती है।

### पहाड़ी कोरवा बसाहटों में पहुंच ग्रामीणों से की चर्चा

# पीएम जनमन योजनांतर्गत निर्मित सड़कों का सचिव ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह अपने जशपुर प्रवास के दौरान जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यों का निरीक्षण किया।

इसी कड़ी में उन्होंने पीएम जनमन योजनांतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा स्वीकृत सड़कों का निरीक्षण छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के प्रमुख अभियंता के.के कटारे द्वारा किया गया। उन्होंने विकासखण्ड मनोरा के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के ग्रामों में पहुंचे। जहां योजनांतर्गत सडक टीआर-05 से बंधकोना बी एवं टीआर-05 से भंवरपाठ तक निर्मित सड़क का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्थल पर उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों से निर्मित सड़कों से लोगो को हो रही सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। जिसमें लोगों ने बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे घर तक आने जाने के लिये जनमन योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराया है। जिससे हमें आने जाने के लिये अच्छी सड़कें मिली है। हमें शहर एवं अस्पताल, स्कूल, बाजार आने जाने में काफी सुविधाएं हो रही है। पहले गांव में किसी की तबीयत खराब होने पर खाट में लेटाकर अस्पताल ले जाना पड़ता था, एंबुलेस को भी हम लोग नहीं जानते थे। लेकिन सड़क बनने के बाद अब हमारे गांव तक एंबुलेंस पहुंच रहीं है जिससे मरीजों को लाने एवं ले जाने में सुविधा हो रही है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक कुमार, अधीक्षण अभियंता सोहन चन्द्र, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




सड़कों का निरीक्षण करते सचिव भीम सिंह व प्रमुख अभियंता केके कटारे।

पेज 1 का शेष...

## जल भराव को सामान्य करने...

फंसे झाड़ियां, कचरा को जेसीबी से निकलवाया गया एवं नाले के किनारे को भी चौड़ा किया गया। बैजनाथ मोदीनगर में रेलवे ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति के कारण अत्यधिक जल भराव की स्थिति बनी गई, यहां भी पानी निकासी के लिए पुल के मिट्टी एवं निर्माण सामग्री के मलवा को निकलवाया गया। चिरंजीव दास नगर एवं बालसमुद में फंसे झाड़ियां, घोड़ा घास कचरे को जेसीबी से निकलवाया गया। इससे यहां तेज गति से पानी निकासी होने लगी। भगवानपुर सीएमओ तिराहा के पास नाले में बड़ी मात्रा में जलकुंभी एवं कचरा फंसा हुआ था, जिसे भी पानी निकासी बाधित हो गई थी। यहां भी जेसीबी से कचरा एवं जलकुंभी सहित झाड़ियां को निकल गया, जिससे पानी निकासी अच्छे से होने लगी। निगम कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने सभी सफाई दरोगा को शहर के जहां पर भी जल भराव की स्थिति निर्मित हुई है उसकी समस्या को खोजने और मशीन व संसाधन, गैंग लगाकर वैकल्पिक नाली निकाल सफाई कर तत्काल पानी निकासी को बहाल करने और जल स्तर को शीघ्रता से सामान्य पर लाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत सभी सफाई दरोगा, राजस्व की टीम एवं इंजीनियर की टीम ने जल भराव कालोनी मोहल्ले पर सुबह से शाम तक कार्य किया।

पानी निकासी के लिए तोड़ा गया दीवार और सड़क- संजय मार्केट में स्थित नाले से पानी निकासी कम होने के कारण सड़क के उसपार के घरों में पानी भरने की समस्या आ रही थी। इसपर रामनिवास टॉकीज के पास सड़क को 2 फीट गहरा, डेढ़ फीट चौड़ा खोदकर बड़े नाले से मिलाया गया। इससे पानी निकासी अच्छी तरह से बहाल हो गई और वहां जल भराव की समस्या का निराकरण हुआ। इसी तरह धांगरडीपा वार्ड क्रमांक 2 में जल भराव होने के कारण एक खाली जमीन से जेसीबी के माध्यम से कच्चा नाली निकाल कर पानी निकासी के लिए रास्ता बनाया गया। सिद्धि विनायक कॉलोनी के पास ज्यादा जल भराव की समस्या आ गई थी, यहां कॉलोनाइजर द्वारा नाली नहीं निकालने के कारण ज्यादा मात्रा में जल भराव होने और लोगों के घरों में पानी भरने की समस्या खड़ी हो गई थी। इसपर कॉलोनाइजर द्वारा उठाए गए बाउंड्रीवॉल को दो तरफ से तोड़कर दोनों नालियों में मिलाया गया। इससे यहां पानी निकासी सामान्य हुई और लोगों को जल भराव से राहत मिली। इसी तरह शहर के पानी हाईवे के नालों से निकलता है। चन्दगी राम कोल्ड हाउस के पास पानी रुकने की समस्या के कारण पीछे की बस्ती में जल भराव की स्थिति बनी हुई थी। इसे देखते हुए यहां भी बाउंड्रीवॉल को तोड़कर पानी निकासी के लिए रास्ता बनाया गया। इस दौरान कोल्ड हाउस के नीचे लगे ह्यूम पाइप को भी निकलवाने के निर्देश कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने दिए। चमड़ा गोदाम खेतपारा के पास भी जल भराव से निबटने के लिए खाली जमीन से कच्ची नाली निकाल कर पानी निकासी के लिए रास्ता बनाया गया। इसी तरह पैठु डबरी एवं गर्ल्स डिग्री कलेज में भरे पानी को दो डीजल और एक पेट्रोल पंप लगाकर भरे हुए पानी को निकाला गया। इससे कुछ ही घंटे में यहां स्थिति सामान्य हुई।




# सीएम योगी की बायोपिक का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की बायोपिक बनकर तैयार है। फिल्म 'अजयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' का टीजर भी रिलीज हो चुका है। टीजर में योगी आदित्यनाथ के संन्यास लेने, योगी बनने और फिर राजनीति में आने की झलक है। फिल्म के डायलॉग भी दमदार हैं। फिल्म के टीजर में सबसे पहले उत्तराखंड के रहने वाले एक युवा अजय का जीवन दिखाया जाता है। कम उम्र में वह संन्यास लेकर योगी आदित्यनाथ बन जाते हैं। योगी के तौर पर वह उत्तरप्रदेश में बाहुबलियों का जंगलराज देखते हैं। ऐसे में प्रण लेते हैं कि प्रदेश को अपराध मुक्त करेंगे।

## लाइफ Style



# खुशी

## बी-ग्रेड फिल्मों दिखाया हुनर

एजेंसी ⏭ मुंबई

उर्फी जावेद और कंगना शर्मा के बाद अब इंटरनेट पर जो आलोचना का शिकार हो रहा है, वो है खुशी मुखर्जी। वह अपने अभद्र ड्रेसिंग के कारण सुर्खियों में छाई हुई हैं। फलक नाज से लेकर शिव छाकरे और जरीन खान तक ने उन्हें खरीखोटी सुनाई है। उनके पहनावे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

मुंबई की सड़कों उनका अर्धनग्न अवस्था में घूमना, किसी को भी रास नहीं आ रहा है। खुशी मुखर्जी मुंबई में कई बार स्पॉट हुईं। कुछ वक्त तो उनके आउटफिट ने सीमा पार नहीं की, लेकिन जब वह अश्लील लिबास पहनकर मीडिया के सामने आईं तो हर कोई आगबबूला हो गया। लेकिन, उन्होंने खुद को डिफेंड किया और खुद की तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेसेस से की। कुछ नाम लेकर सफाई दी कि वह उनसे इन्सपायर्ड हैं। खुशी मुखर्जी ने 'स्पिल्ट्सविला 10' और 'लव स्कूल 3' में किया था और इससे वह फेमस हुई थीं। इसके अलावा उन्होंने तमिल फिल्म 'अंजल थुरई' में भी काम किया था, जो कि 2013 में रिलीज हुई थी। वह तेलुगू फिल्म 'डोंगा प्रेमा' और 'हार्ट अटैक' जैसी मूवीज भी कर चुकी हैं। इतना ही नहीं, श्रृंगार के साथ बी-ग्रेड हिंदी फिल्मों में काम किया है। खुशी मुखर्जी ने टीवी शोज में भी काम किया है। वह 'बालवीर रिटर्न्स' में दिखाई दी थीं, जिसमें उन्होंने ज्वाला परी का रोल निभाया था। इसके अलावा, वह मैथोलॉजिकल शो 'कहत हनुमान जय श्री राम' में भी दिखाई दी थीं। वह एडल्ट थीम वीडियो, जैसे गांडू (2019), नूरी (2020), स्ट्रेंजर (2021) और 2024 में आए 'जंगल से दंगल' में फीचर हुई हैं। खुशी मुखर्जी का जन्म 24 नवंबर, 1996 को कोलकाता में हुआ है।

## हॉलीवुड मसाला



# बम-बम गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने प्रियंका चोपड़ा का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो लंदन की सड़क पर खड़ी होकर डांस करती दिख रही हैं। इस वीडियो को देखकर लोगों ने खूब सारे कॉमेंट्स भी किए हैं। प्रियंका कैमरे के सामने 'बम बम' गाने पर मटकती दिख रही हैं। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस को फैंस ने समझ लिया 'न्यूली वेड कपल', कपल के देसी अंदाज ने जीता फैंस का दिल! निक जोनस एक बार फिर से प्रियंका चोपड़ा के चाहने वालों का दिल जीतते नजर आ रहे हैं।




# बॉक्स ऑफिस पर फीका पड़ा ब्रैड पिट का जादू...

**मुंबई।** हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फॉर्मूला वन रेसिंग पर आधारित फिल्म 'एफ1' ने पहले दिन शुक्रवार को 5.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म ने दूसरे दिन 7.75 करोड़ रुपए की कमाई की थी। 'एफ-1' ने तीसरे दिन रविवार को 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने चौथे दिन सोमवार को 3.35 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं फिल्म का आज का कलेक्शन भी सामने आ चुका है। पांचवें दिन मंगलवार को फिल्म ने सिर्फ 2.8 करोड़ रुपए की कमाई की है, जो पहले दिन के मुताबिक काफी कम है। 'एफ1' ने कुल मिलाकर अब तक 27.55 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की ने किया है।



# द राजा साब में कैमियो करती आएंगी नजर

**मुंबई।** करीना कपूर खान को लेकर लंबे समय से चर्चा रही है वह साउथ सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं। कुछ महीने पहले यह खबर भी आई थी कि वह संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' में प्रभास के अपोजिट कास्ट की गई हैं। लेकिन फिर पता चला कि दीपिका पादुकोण की जगह इस फिल्म में तृप्ति डिमरी को कास्ट किया गया है। अब करीना को लेकर एक बार फिर से नई खबर आई है। नई रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है वह 'द राजा साब' में प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी! बताया जाता है कि 'द राजा साब' में करीना कपूर खान किसी किरदार में तो नजर नहीं आएंगी, लेकिन वो एक स्पेशल डांस नंबर करने जा रही हैं। हालांकि, इन खबरों पर मेकर्स या करीना की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस आइटम डांस नंबर में करीना और प्रभास साथ में थिरकते नजर आएंगे।



# शिव का किरदार निभाना चाहते हैं अर्जुन

**मुंबई।** अर्जुन रामपाल हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'राणा नायडू 2' में विलेन के रोल में नजर आए हैं। अक्सर अपने किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट करने वाले अर्जुन इससे पहले भी ओम शांति ओम, रा वन और धाकड़ समेत कई फिल्मों में विलन की भूमिका निभा चुके हैं। लीड हीरो के तौर पर वे आखिरी बार 2017 में रिलीज हुई फिल्म डैडी में नजर आए थे। इसे उन्होंने प्रोड्यूस भी किया था। अब अर्जुन एक पौराणिक किरदार निभाने की चाह रखते हैं। एक बातचीत में उन्होने कहा कि मैं भगवान शिव का किरदार निभाना चाहूंगा। उनके व्यक्तित्व में गहराई है, एक रहस्य है। उस रोल को करने के लिए पूरी तरह से उसमें उतरना पड़ेगा और यही मुझे पसंद है। मैं इसे बेहद सादगी और ईमानदारी से दर्शकों के सामने पेश करना चाहूंगा।

## टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में क्रिकेटरों ने की मजेदार बातचीत

**नई दिल्ली।** ' द ग्रेट इंडियन कपिल शो ' सीजन 3 के आगामी एपिसोड में भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर और खिलाड़ी ऋषभ पंत, अभिषेक शर्मा, युजवेंद्र चहल दिखाई देने वाले हैं। प्रोमो ने पहले ही फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, जिसमें क्रिकेटरों और कपिल के बीच एक मजेदार बातचीत को दिखाया गया है। प्रोमो में कपिल शर्मा ने मजाकिया अंदाज में पूछा, 'ड्रेसिंग रूम का सीन कैसा है? क्या गौतम भाई आप सभी के साथ गंभीर हैं?' ऋषभ पंत हंसते हुए जवाब देते हैं, 'जब मैच में उतार-चढ़ाव होते हैं, तो हम सभी तनाव में होते हैं। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है।' मजाकिया अंदाज में बीच में कूदते हुए गौतम गंभीर ने जवाब दिया, 'यह ऐसा है कि जब आपका शो अच्छा नहीं चलता है, तो आप कैसे प्रतिक्रिया देंगे?' इस एपिसोड में गौतम गंभीर ने मैदान पर अपनी तेजी के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'लोग अक्सर कहते हैं कि मैं मैदान पर लड़ता हूं। लेकिन, मैं किसके लिए लड़ रहा हूं? यह कभी अपने लिए नहीं होता - यह मेरे देश के लिए होता है।' इस पावर-पैक एपिसोड के लिए फैंस पहले से ही एक्साइटेड हैं। क्लासिक कपिल शर्मा के शो को फिर से जगाने के लिए उनकी जुगलबंदी की तारीफ की जा रही है। क्रिकेट स्टार्स और कपिल के सिग्नेचर ह्यूमर के साथ, यह एपिसोड जाहिर तौर पर यादगार होगा।

## शादी करने जा रहा टीवी का ये चहेता कपल

**मुंबई।** टीवी के सबसे चहेते कपल्स में शुमार करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। फैंस



जहां लंबे समय से दोनों की शादी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं अब रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स 2 में कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या अब वाकई 'तेजरन' शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं? लोगों को हंसाने वाला शो लाफ्टर शेफ्स 2 अब अपने अंतिम चरण में है। हाल ही में इस शो का एक नया प्रोमो सामने आया जिसमें गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पंडितों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। एपिसोड में जहां सभी कंटेस्टेंट्स खास व्यंजन बना रहे थे, वहीं कृष्णा अभिषेक का एक मजाकिया सवाल शो में चर्चा का विषय बन गया। प्रोमो में देखा गया कि कृष्णा अभिषेक ने पंडितों से कहा कि ये करण हैं अब शादी करने जा रहा है। जिसपर पंडित जी ने कहा कि शादी के बिना जीवन अधूरा है। इसके बाद कृष्णा मजाक करते हुए फिर कहते हैं कि अगर एक शादी से जीवन अधूरा है, तो क्या तीन-चार कर लेनी चाहिए?

# करण जौहर की फिल्म में विलेन बनेंगे मनीष पॉल!

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई कलाकार ऐसे हैं जिन्होंने टीवी की दुनिया से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इन्हीं कलाकारों में शामिल हैं, मनीष पॉल। मनीष पॉल पिछले दिनों करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'जुग जुग जीयो' में कियारा आडवाणी के भाई के रोल में नजर आए थे। अब मनीष पॉल ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मनीष पॉल को पहचानना भी मुश्किल हो रहा है। लेकिन, मनीष की तस्वीरों से ज्यादा ध्यान खींचा है इन तस्वीरों पर उनके कैप्शन ने। जितना हैरान लोग मनीष पॉल के इस लुक को देखकर हुए हो रहे हैं। उतना ही चौंका रहा है, उन्हें मनीष पॉल का कैप्शन। एक्टर ने लिखा, 'किसी ने मुझे किया कॉन, मेरे बालों को किया गॉन। क्या होगा मेरा कर्मा, डिसाइड करेगा धर्मा।'इसके साथ ही मनीष पॉल ने करण जौहर को मेंशन करते हुए पूछा है क्या कहते हो केजो? मनीष पॉल का ये कैप्शन अब हर किसी का ध्यान खींच रहा है और हर किसी के मन में अब बस ये ही सवाल चल रहा है क्या मनीष पॉल करण जौहर की अगली फिल्म में नजर आने वाले हैं? क्या मनीष करण की अगली फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं? वरुण धवन ने कमेंट करते हुए लिखा, 'इसके लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। लेकिन, बताऊंगा नहीं।'वरुण के इस कमेंट से ये साफ होता है कि मनीष पॉल का ये लुक किसी फिल्म के लिए है और वो जल्द ही किसी जबरदस्त किरदार में नजर आने वाले हैं।



# 77 साल की मुमताज हर 4 महीने में करवाती हैं फेस फिलर्स

**मुंबई।** अपने समय की खूबसूरत एक्ट्रेस मुमताज ने आज भी अपनी ब्यूटी को बरकरार रखा हुआ है। अब मुमताज ने बताया कि कैसे 77 साल की उम्र में वह चेहरे पर फिलर्स का इस्तेमाल करती हैं और उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है। इसके अलावा उन्होंने अपनी फिटनेस का राज भी बताया है। कई एक्ट्रेसेस फिलर्स या फेस सर्जरी करवाती हैं। अब 1960 से 70 दशक की एक्ट्रेस मुमताज ने अपने फिटनेस रूटीन की बात की और साथ ही कॉस्मैटिक फिलर्स को लेकर भी अपनी बात रखी। मुमताज ने बताया कि कैसे 77 साल की उम्र में उन्होंने खुद को फिट रखा है। इसके अलावा उनका मानना है कि खूबसूरती को मेंटेन रखने के लिए जो लोग सर्जरी भी करवाते हैं, वो भी गलत नहीं है।



### कैसे रखती हैं खुद को फिट

मुमताज ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं 7 बजे खाना खाती हूं, 1 घंटे तक वर्कआउट करती हूं और फिर प्रॉपर डाइट फॉलो करती हूं। अगर आप वर्कआउट नहीं करोगे तो आप अच्छे नहीं

### करवाती हैं फिलर्स

मुमताज ने आगे कहा, 'मैंने कभी फेसलिफ्ट नहीं किया है, लेकिन कभी जब मैं बहुत थक जाती हूं तो अपने चेहरे के राइट और लेफ्ट साइड फिलर्स करवाती हूं। उससे चल जाता है 1-2 महीना। मैं 4 महीने में एक बार करवाती हूं। अभी तक सर्जरी की जरूरत नहीं लगी है मुझे।'

### सब अच्छा और खूबसूरत दिखना चाहते हैं

*मुमताज ने आगे यंग एक्ट्रेसेस जो प्लास्टिक सर्जरी करवाती हैं इस पर कहा, 'अगर आपको लगता है कोई चीज कम है तो आप उसे ठीक कर सकते हो। ये कोई क्राइम नहीं है। सब अच्छा और खूबसूरत दिखना चाहते हैं। अगर मुझे लगा कि मुझे कुछ करवाने की जरूरत है, मैं भी कर सकती हूं। अगर मुझे प्लास्टिक सर्जरी भी करनी पड़ी तो मैं कर लूंगी। अगर इससे मैं और खूबसूरत हो सकती हूं तो क्यों नहीं।'*

### करना चाहती हैं कमबैक

*मुमताज की फिल्मों की बात करें तो वह लास्ट साल 1990 में रिलीज हुई फिल्म आंधियां में नजर आए थे। शादी के बाद उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी थी। हालांकि, अब मुमताज कमबैक करना चाहती हैं। वह चाहती हैं कि उन्हें अच्छे रोल मिलें, लेकिन उनकी एक डिमांड है कि वह फिल्म में बुढ़ी का रोल नहीं करने वाली हैं। वह चाहती हैं कि जैसे वह दिखती हैं, उन्हें उस हिसाब से ही रोल मिले।*

## राम कपूर को अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए ट्रोलर्स का करना पड़ा था सामना

# इस सेलेब ने कम किया 155 किलो वजन, कई दिग्गज एक्टर्स भी लिस्ट में शामिल

***नई दिल्ली।*** *हाल ही में निर्माता करण जौहर को उनके लुक्स को लेकर काफी ट्रोल किया जा रहा है, क्योंकि उन्होंने अपना वजन कम किया है। इसके अलावा अभिनेता राम कपूर को भी अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए ट्रोलर्स का सामना करना पड़ा था। ऐसे कई एक्टर्स हैं, जिनके लुक्स में अचानक बदलाव ने सभी को चौंका दिया था।*



**जरीन खान :** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री जरीन खान, जिन्होंने सलमान खान अभिनीत 'वीर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्हें लोग शुरुआत में कैटरीना कहते थे, लेकिन बाद में वजन बढ़ने के कारण, उन्हें ट्रोलर्स का सामना करना पड़ा। फिर उन्होंने अपने ट्रांसफॉर्मेशन से सभी को करारा जवाब दिया था।



**सारा अली खान :** एक्ट्रेस सारा अली खान भी शुरुआती दिनों में काफी हेल्दी हुआ करती थी। उनका वजन एक समय 96 किलो था, फिर उन्होंने अपना वेट लॉस किया, जिसके लिए उन्होंने डेढ़ साल मेहनत की। आज के समय में अभिनेत्री को काफी फिट अभिनेत्रियों में शामिल किया जाता है। सारा अली खान ने 'केदारनाथ' फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।



**भूमि पेडनेकर :** यहां हम आपको बता रहें उन एक्टर्स के बारे में, जिन्होंने अपना वजन कम करके लोगों को हैरत में डाल दिया। वहीं भूमि पेडनेकर एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने 'दम लगा के हईशा' के लिए काफी वजन बढ़ाया था। इस फिल्म में वह बहुत हेल्दी नजर आई थीं। हलांकि, इसके बाद भूमि पेडनेकर ने दोबारा वजन कम करके सभी को हैरान कर दिया था। उस समय अभिनेत्री का ट्रांसफॉर्मेशन चर्चा का विषय बना हुआ था।



**करण जौहर :** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माता करण जौहर हाल ही में अपने लुक्स को लेकर खूब ट्रोल हो रहे हैं। बीते दिनों निर्माता ने 17 किलो वजन कम किया था, जिस कारण उनका हालिया लुक्स नेटिजंस को हैरान कर रहा है।



**राम कपूर :** टीवी और फिल्मों के चर्चित अभिनेता राम कपूर ने भी पिछले महीने हैरान करने वाला ट्रांसफॉर्मेशन किया। अभिनेता ने 18 महीनों में 55 किलो वजन कम किया। उनका गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखकर नेटिजंस ने उनपर वजन कम करने के लिए सर्जरी या दवाएं लेने का आरोप लगाया। हालांकि, अभिनेता ने खुलासा किया कि उन्होंने नेचुरल तरीके से 55 किलो वजन घटाया है, वो भी नॉर्मल डाइट और एक्सरसाइज करके।



**अदनान सामी :** इन सबमें सबसे हैरान करने वाला ट्रांसफॉर्मेशन मशहूर सिंगर अदनान सामी का रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गायक ने 155 किलो वजन कम किया था। पहले वो 230 किलो के थे, फिर बाद में वो 75 किलो के हो गए थे। इसके अलावा एक समय डॉक्टरों ने उनको सलाह दी थी कि अगर उन्होंने वजन कम नहीं किया, तो उनकी जान को खतरा हो सकता है।

## खबर संक्षेप



### एनटीपीसी लारा में रथोत्सव के बीच भजन

**पुसौर।** एनटीपीसी लारा में भगवान जगन्नाथ की दिव्य यात्रा को चिन्हित करते हुए पवित्र रथ यात्रा का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया। जिसमें भगवान जगन्नाथ अपने मौसी के यहां गुंडिचा के लिए रवाना हुए। एनटीपीसी लारा परिवार अपने जगन्नाथ मंदिर के आस पास ही मैत्री नगर में गुंडिचा भवन बनाया है जहां भगवान लगभग 6 दिन से निवास किए हुए हैं इस बीच प्रतिदिन एक भक्तिमय वातावरण देने एनटीपीसी प्रबंधन प्रमुख कार्यकारी निर्देशक अनिल कुमार के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में भजन समारोह का आयोजन होते रहें हैं। इसी कड़ी में बीते दिनांक को पुसौर के रामयुवा भजन मंडली की प्रस्तुति हुई। जानकारी के मुताबिक उक्त भजन मंडली में नगर पंचायत पुसौर के कई वार्डो में निवासरत उम्दे कलाकार शामिल है जो अपनी सस्वर गायकी के साथ साथ अपनी नाटकीय रूप के लिए कई स्थानों में प्रशंसा पत्र प्राप्त कर चुके हैं।

### आवास निर्माण में लापरवाही तीन सचिवों को नोटिस

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष रायगढ़ में विकासखण्ड स्तरीय प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में अल्प प्रगति वाले पंचायत सचिवों एवं फील्ड आफिसरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्वीकृत आवासों की तुलना में पूर्ण हुए आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक फील्ड ऑफिसरों के व्यक्तिगत प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। उन्होंने फील्ड ऑफिसर एवं ग्राम पंचायत सचिवों को स्वीकृत आवासों की शत प्रतिशत पूर्णता के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। मौके पर सीईओ जिला पंचायत यादव ने ग्राम पंचायत वाइज स्वीकृत एवं पीएम जनमन आवासों की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले फील्ड आफिसर के कार्यों की सराहना की। जिसमें तकनीकी सहायक विकासखण्ड खरसिया के डूलिमा चौधरी, प्रियंका देशमुख, धरमजयगढ़ से दिना कुमार रात्रे, तमनार से प्रकाश साव, लैलूंगा से श्रवण पैंकरा शामिल थे। बैठक में समस्त कार्यक्रम अधिकारी नरेगा, सब इंजीनियर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, विकासखण्ड समन्वयक पीएम आवास योजना ग्रामीण, तकनीकी सहायक पीएम आवास योजना ग्रामीण एवं नरेगा तथा प्रत्येक विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सचिव शामिल हुए।

### आईटीआई खरसिया में कैम्पस इंटरव्यू 7 को

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया, जिला रायगढ़ में जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड रायगढ़ द्वारा आईटीआई कैम्पस का आयोजन 7 जुलाई 2025 को प्रातः10 बजे से किया जाएगा। जिसमें आईटीआई व्यवसाय.फिटर, विद्युतकार एवं वेल्डर के पास आउट अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी कैम्पस इंटरव्यू में भाग लेना चाहते है। वे संस्था में शैक्षणिक तकनीकी प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते है।

### जिले में 296 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 जुलाई तक 296 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 47.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 353.5 मिली मीटर, पुसौर में 354.5, खरसिया में 222.8, घरघोड़ा में 318.1, तमनार में 173.1, लैलूंगा में 287.7, मुकडेगा में 352.8, धरमजयगढ़ में 244.1, छाल में 288.9 एवं कापू में 364 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## सारंगढ़ में पार्षद पर प्राणघातक हमला

# नपा अध्यक्ष पति ने साथियों के साथ मिलकर भाजपा पार्षद को लोहे के राड से किया अधमरा, ओडिशा से हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगढ़

नगर पालिका सारंगढ़ के निर्वाचित भाजपा पार्षद मयूरेश केशरवानी पर बुधवार देर शाम एक सुनियोजित हमले ने शहर को हिला कर रख दिया। नगर पालिका अध्यक्ष सोनी बंजारे के पति अजय बंजारे ने अपने 15 से अधिक साथियों के साथ मिलकर मयूरेश को दुकान से बाहर खींचकर लोहे की रॉड और अन्य हथियारों से बर्बरतापूर्वक हमला किया। घटना रात करीब 9 बजे की है। सिर, पीठ और पसली में गंभीर चोटें आई हैं। गनीमत रही कि मोहल्ले की महिलाओं ने बीचबचाव किया, जिससे मयूरेश की जान बच सकी।

सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार यह हमला सिर्फ एक निजी दुश्मनी नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम माना जा रहा है। दरअसल, राज्य शासन ने 2 जुलाई को जमीन आबंटन में अनियमितताओं के चलते नगर पालिका अध्यक्ष सोनी बंजारे को उनके पद से बर्खास्त कर दिया था। इस फैसले से बौखला, अजय बंजारे ने भाजपा पार्षद मयूरेश पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि बर्खास्तगी की शिकायत स्वयं भाजपा से जुड़े बंटी केशरवानी द्वारा की गई थी। इससे नाराज होकर अजय बंजारे ने हमले की पूरी योजना बनाई। जानकारी के अनुसार रात करीब 9 बजे जब मयूरेश अपनी दुकान बंद कर रहे थे, तभी अजय बंजारे अपने साथ 15 से अधिक लोगों को लेकर पहुंचे और दुकान से खींचकर बाहर लाए। इसके बाद लोहे की रॉड और अन्य घातक हथियारों से 10-15 मिनट तक ताबड़तोड़ हमला किया गया। मयूरेश को अधमरा हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। घटना स्थल पर मौजूद महिलाओं ने आरोपियों को रोका और शोर मचाया जिससे जान बच सकी।



> इस मामले में नपा अध्यक्ष के पति अजय बंजारे समेत कुल सात लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य की तलाश जारी है। आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास एवं डकैती के संबंध में कार्रवाई की गई है।
>
> **आंजनेय वाषर्णेय, एसपी, सारंगढ़ बिलाईगढ़**

### सारंगढ़ पुलिस की कार्रवाई, 7 गिरफ्तार

हमले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाषर्णेय ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएसपी निमिषा पांडे और एसडीओपी स्नेहिल साहू के निर्देशन में थाना प्रभारी कामिल हक ने टीम बनाकर सघन सर्चिंग अभियान चलाया। आखिरकार पुलिस ने सिंघोड़ा मंदिर के पास, छत्तीसगढ़ उड़ीसा सीमा से मुख्य आरोपी अजय बंजारे समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

### गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

मयूरेश के भाई अमितेश केशरवानी की लिखित शिकायत पर सिटी कोतवाली सारंगढ़ में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) षड्यंत्र कर जानलेवा हमला और 310(2) हथियार से गंभीर चोट और डकैती का प्रयास के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों ही धाराएं गैर जमानती और संगीन अपराध की श्रेणी में आती हैं।

### नगर पालिका की राजनीति में बवंडर

इस पूरे घटनाक्रम की जड़ नगर पालिका सारंगढ़ की राजनीति में छुपी है। हाल ही में नगर पालिका उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार और सात पार्षदों को शासन द्वारा अयोग्य घोषित किया गया था। फिर 2 जुलाई को अध्यक्ष सोनी बंजारे को भी बर्खास्त कर दिया गया। इन दो बड़ी कार्रवाइयों से नगर पालिका में सक्रिय कांग्रेस से जुड़े लोग खासे नाराज थे।

### अस्पताल में भर्ती पार्षद, हालत स्थिर

हमले के बाद मयूरेश केशरवानी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ लाया गया, जहां से उन्हें एक्सरे और बेहतर उपचार के लिए राधाकृष्ण अस्पताल शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों के अनुसार मयूरेश के सिर, पीठ और पसली पर गंभीर चोटें आई हैं लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है। वहीं दूसरी तरफ सारंगढ़ में फिलहाल तनाव का माहौल बना हुआ है। भाजपा कार्यकर्ता आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी कठोर कार्रवाई और नपा को भंग करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है ताकि कोई अप्रिय स्थिति न बने।

### भाजपा कार्यकर्ताओं में उबाल थाने में देर रात तक धरना

हमले की खबर फैलते ही सारंगढ़ भाजपा में आक्रोश की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी अस्पताल और थाना परिसर पहुंच गए। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, महामंत्री अजय गोपाल, मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, पार्षद सत्येन्द बरगाह, अमित तिवारी, हरिनाथ खूंटे, प्रकाश अग्रवाल, राजा गुप्ता, अविनाश पुरी सहित लगभग 100 से अधिक कार्यकर्ता थाने में डटे रहे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते रहे। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



# खरसिया लायंस क्लब के अध्यक्ष बने संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरसिया

खरसिया में लायंस क्लब के नए अध्यक्ष संजय अग्रवाल बने हैं। सामाजिक संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल के जिला 3233 के अधीन कार्यरत लायंस क्लब खरसिया सिटी ने विगत 17 वर्षों में समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर सामाजिक सेवा कार्य करते हुए अपना मुकाम हासिल किया है।

लायंस क्लब की नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन लायन ऋषि अग्रवाल की अध्यक्षता में नॉमिनेशन कमेटी के सदस्यों ने क्लब के समस्त सदस्यों से परामर्श कर सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन कर नगर की प्रमुख मेडिकल स्टोर के संचालक विभिन्न सामाजिक कार्यों में अग्रणी लायन संजय अग्रवाल मेडिकल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ साथ लायन सुन्दरमल चंदवानी को सचिव एवं लायन विनय कबूलपुरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नॉमिनेशन कमेटी के मार्गदर्शन में क्लब के सभी पदों पर क्लब के सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई। नव नियुक्त अध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल ने कहा कि वे इंटरनेशनल एवं डिस्ट्रिक्ट से प्राप्त दिशा निर्देशों के साथ साथ सामाजिक सेवा कार्यों को प्राथमिकता के साथ करते हुए लायंस की गतिविधियों को नई दिशा देंगे।

### डॉक्टर्स व सीए का सम्मान

आज 1 जुलाई को डॉक्टर्स व सीए दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ने नगर के प्रमुख डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसी के साथ ही लायंस क्लब के नए सत्र 2025-26 की बहुत ही अच्छी शुरुआत हो गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल मेडिकल लायन शिव अग्रवाल ऐडु लायन रामनारायण सोनी संटी लायन अनिल अग्रवाल लायन डॉ हितेश गवेल लायन सुन्दरमल चंदवानी लायन विनय कबूलपुरिया सहित अनेक लायन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने कहा- किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं

# सरकार ने डीएपी की कमी पूरा करने वैकल्पिक व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

देश में डीएपी खाद के आयात में कमी के चलते चालू खरीफ सीजन में राज्य में डीएपी की आपूर्ति प्रभावित होने का वैकल्पिक मार्ग छत्तीसगढ़ सरकार ने निकाल लिया है। किसानों को डीएपी खाद की किल्लत के चलते परेशान होने की जरूरत नहीं है। डीएपी के बदले किसानों को भरपूर मात्रा में इसके विकल्प के रूप में एनपीके और एसएसपी खाद की उपलब्धता सोसायटियों के माध्यम सुनिश्चित की जा रही है।

डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एनपीके (20:20:013) और एनपीके (12:32:13) के वितरण लक्ष्य में 3.10 लाख मेट्रिक टन तथा एसएसपी के वितरण लक्ष्य में 1.80 लाख मेट्रिक टन की वृद्धि करने के साथ ही इसके भण्डारण एवं वितरण की भी पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। एनपीके और एसएसपी के लक्ष्य में वृद्धि होने के कारण चालू खरीफ सीजन में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण लक्ष्य 14.62 लाख मेट्रिक टन से 17.18 लाख मेट्रिक टन हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके विकल्प के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे-एनपीके और एसएसपी की भरपूर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इंदिरा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों के सुझाव के अनुरूप किसान डीएपी के बदले उक्त उर्वरकों का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। सोसायटियों से किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इस पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

- एनपीके और एसएसपी उर्वरकों के लक्ष्य में 4.62 लाख मेट्रिक टन की बढ़ोत्तरी

यहां यह उल्लेखनीय है कि चालू खरीफ सीजन में 14.62 लाख मेट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य कृषि विभाग द्वारा निर्धारित किया गया था, जिसमें यूरिया 7.12 लाख मेट्रिक टन, डीएपी 3.10 लाख मेट्रिक टन, एनपीके 1.80 लाख मेट्रिक टन, एमओपी 60 हजार मेट्रिक टन, एसएसपी 2 लाख मेट्रिक टन शामिल था। डीएपी के कमी को देखते हुए कृषि विभाग ने इस लक्ष्य को संशोधित किया है। डीएपी की आपूर्ति की कमी चलते इसके लक्ष्य को 3.10 लाख मेट्रिक टन से कम कर 1.03 लाख मेट्रिक टन किया गया है, जबकि एनपीके के 1.80 लाख मेट्रिक टन के लक्ष्य को बढ़ाकर 4.90 लाख मेट्रिक टन और एसएसपी के 2 लाख मेट्रिक टन को बढ़ाकर 3.53 लाख मेट्रिक टन कर दिया गया है। यूरिया और एमओपी के पूर्व निर्धारित लक्ष्य को यथावत रखा गया है। इस संशोधित लक्ष्य के चलते रासायनिक उर्वरकों के वितरण की मात्रा 14.62 लाख मेट्रिक टन से बढ़कर अब 17.18 लाख मेट्रिक टन हो गई है।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि डीएपी की कमी को अन्य उर्वरकों के निर्धारित मात्रा का उपयोग कर पूरी की जा सकती है और फसल उत्पादन बेहतर किया जा सकता है। फसलों के लिए जरूरी पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश सहित मात्रा में मिले तो उपज में कोई कमी नहीं आती है। डीएपी की कमी को देखते हुए किसानों को अन्य फॉस्फेट खादों के उपयोग की सलाह दी है। डीएपी के प्रत्येक बोरी में 23 किलोग्राम फॉस्फोरस और 9 किलोग्राम नाइट्रोजन होता है। इसके विकल्प के रूप में तीन बोरी एसएसपी और एक बोरी यूरिया का उपयोग करने से पौधों को पर्याप्त मात्रा में फॉस्फोरस, कैल्सियम, नाइट्रोजन और सल्फर मिल जाता है।

# नेत्रहीन विद्यार्थियों की भक्ति से गूंजा जेएसपी का मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

- लेडिज क्लब द्वारा आयोजित विशेष सुंदरकांड पाठ में दिखी भक्ति और प्रतिभा की मिसाल




जिंदल लेडिज क्लब द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जे ए स पी परिसर स्थित मंदिर में आयोजित होने वाले सुंदरकांड पाठ का यह सप्ताह विशेष रहा। इस बार आयोजन में अमलीडीह स्थित नेत्रहीन बाल विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम और श्री हनुमान के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ। इसके उपरांत जब नेत्रहीन विद्यार्थियों ने सुंदरकांड का पाठ आरंभ किया, तो वातावरण एक अलौकिक भक्ति रस में सराबोर हो गया। उनके स्पष्ट उच्चारण, एक समान लय और हृदयस्पर्शी स्वर ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में जिंदल लेडिज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अनंदिता बंद्योपाध्याय सहित क्लब की सभी सदस्यों ने इन विशेष विद्यार्थियों के साथ मिलकर पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ पाठ में भाग लिया। बच्चों की आत्मीयता, भक्ति और अनुशासन देखकर सभी उपस्थित लोग अभिभूत हो उठे। श्रीमती बंद्योपाध्याय ने इस अवसर पर कहा, इन बच्चों की संगीतमय प्रस्तुति केवल एक पाठ नहीं थी, यह सच्चे अर्थों में आत्मा की आवाज़ थी। हमें गर्व है कि हमें इनके साथ यह अनुभव साझा करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और उन्हें जिंदल लेडिज क्लब की ओर से उपहार भेंट किए गए। साथ ही, सभी अतिथियों ने बाल विद्या मंदिर के शिक्षकों और संरक्षकों का भी आभार प्रकट किया, जिनकी मेहनत और समर्पण से ये बच्चे आत्मनिर्भरता और संस्कारों की मिसाल बन रहे हैं। जिंदल लेडिज क्लब इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करता है, बल्कि सामाजिक समावेशन और संवेदनशीलता को भी बढ़ावा देता है। क्लब का यह प्रयास समाज में सकारात्मक सोच और समरसता का संदेश देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### राशन लेने भटक रहे हितग्राही

**तालदेवरी।** राशन कार्डधारियों को तीन माह का चावल एकमुश्त देने की योजना की तिथि बढ़ाई जरुर गई है, लेकिन राशन पाने हितग्राहियों का समस्या कम होता नहीं नजर आ रहा है। डेट बढ़ाने के दुसरा दिन 2 जुलाई को सर्वर समस्या के चलते अधिकांश राशन कार्डधारियों को चावल का वितरण नहीं किया जा सका। बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत ग्राम बिर्रा, बसंतपुर, सिलादेही, गत्वा, तालदेवरी, बोरसी सहित अन्य पीडीएस दुकानों में सर्वर समस्या के चलते बुधवार 2 जुलाई को हितग्राहियों को राशन का वितरण नहीं किया जा सका।

# खाद एवं बीज दुकानों में राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटेली

जिले में किसानों को गुणवत्ता युक्त खाद, बीज, कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के आदेशानुसार एसडीएम सारंगढ़ प्रखर चंद्राकर के निर्देशानुसार उपस्थिति में राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त टीम द्वारा सारंगढ़ के उप तहसील के मल्दा अ जशपुर क्षेत्र के विभिन्न खाद बीज विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया, बिना अनुज्ञप्ति के खाद बीज विक्रय तथा बिना के खाद भंडारण वितरण करते पाए जाने पर गीता ट्रेडर्स अंडोंला में 38.550 टन खाद जब्त किया गया तथा सियाराम ट्रेडर्स एवं कृषि सेवा केंद्र का 290 बोरी खाद जब्त किया गया, तथा साहू कृषि केंद्र को अनियमितता पाए जाने पर नोटिस दिया गया। निरीक्षण के दौरान कोसीर तहसीलदार के एल ध्रुव, उर्वरक निरीक्षक जेपी गुप्ता, जैनदास मानिकपुरी पटवारी, रूपेश यादव पटवारी, राजेश साहू पटवारी, मायाशंकर उपस्थित रहे।



# अदाणी पॉवर ने मनाया राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

**खास बातें**

- शासकीय स्कूलों में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम
- 1500 से अधिक कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने लिया भाग
- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत




राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर अदाणी पावर लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्थित अपने सभी इकाइयों में विद्युत सुरक्षा पर सात दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 26 जून से 2 जुलाई तक प्रदेश के रायपुरए कोरबा और रायगढ़ जिले में क्रमशः ग्राम रायखेड़ा, बड़े भंडार और पताड़ी गांव में स्थापित संयंत्रों में कर्मचारियों एवं गांव के शासकीय विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं सहित कुल 1540 लोगों को विद्युत सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

सभी संयत्रों में कार्यक्रम का शुभारंभ सुरक्षा शपथ के साथ हुआ, जिसमें सयंत्र में कार्य करने वाले समस्त कर्मचारियों और प्रतिभागियों ने विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करने की प्रतिज्ञा ली। इसके बाद विद्युत सुरक्षा अभियान चलाया गया, जिसमें विद्युत उपकरणों की सुरक्षात्मक जाँच सुनिश्चित की गई। वहीं इन सात दिनों में आसपास के विभिन्न शासकीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 540 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी प्रस्तुत की। यहां अदाणी पावर लिमिटेड के विद्युत विभाग के विशेषज्ञ अभियंताओं ने विद्यार्थियों को बिजली से जुड़ी सुरक्षा उपायोंए बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली सहित घरों में सतर्कता बरतने की जरूरत और आपातकालीन स्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात सभी इकाइयों में कर्मचारियों एवं अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से गांव के स्कूलों में विद्यार्थियों के बीच विद्युत संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए स्पॉट क्विजए पोस्टर और नारा प्रतियोगिता के साथ ही नुक्कड़ नाटक भी आयोजित की गईं, जिनमें सुरक्षा संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। बुधवार को विद्युत सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में अदाणी पॉवर लिमिटेड के वरिष्ठ एवं प्रमुख अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दी। उन्होंने विद्यार्थियों व कर्मचारियों को सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अदाणी पॉवर के इस प्रयास की सराहना की और छात्रों से विद्युत सुरक्षा के लिए सुझाए गए उपायों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। अदाणी समूह द्वारा अपने सामुदायिक सरोकारों के तहत छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, सहित प्रदेश के ऊर्जाधानी कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, दुर्ग, बलोदाबाजार भाटापारा, और बिलासपुर सहित कुल सात जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास तथा आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रम संचालित कर रहा है। जिनमें अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए युवाओं को जॉइन्ट इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है। इसके अलावा युवाओं और महिलाओं को आत्मनर्भर बनाने कौशल विकास केंद्रों में कई जीविकोपार्जन पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### अनियमितता पर हटाया गया आवास मित्र

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों से समन्वय कर आवास निर्माण में कार्य प्रगति लाने, तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री उपलब्धता में सहायता के लिए चंवरपुर क्लस्टर में आवास मित्र लीलाम्बर महंत का चयन किया गया था। किन्तु आवास मित्र महंत के द्वारा बैठकों में अनुपस्थित रहने के साथ साथ ग्राम पंचायत अमेठी के अप्रारंभ, अपूर्ण आवास वाले हितग्राहियों के आईडी में किसी दूसरे निर्माणाधीन आवासों का जियोटैग कर आगामी किश्त दिलाने हेतु अनियमितता की गई। आवास मित्र महंत के द्वारा कार्य करने में कोई रूचि नहीं लेने, आवास पूर्णता की प्रगति कम करने और नोटिस का जवाब नहीं देने के कारण आवास मित्र पद से पृथक किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, माँ मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

कोर्स स्पॉट काउंसलिंग
•DMLT- डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
•MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
•EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
•OT टेक्नीशियन
•डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजरपोस्ट
•ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन असिस्टेंस
•ड्रेसर •डिप्लोमा इन डेंटल असिस्टेंस
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए नर्सिंग में एक/द्वि वर्षीय कोर्स
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम
योग्यता 10वीं एवं 12वीं
सीमित सीट उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
रजनीश बुक डिपो सामने, केरा रोड, तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) मो. 8770638375, 9399743304